नाम : _____ अनुक्रमांक : _____

अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026–27

सामाजिक विज्ञान
कक्षा–10

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

निर्देश–

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों–'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(iii) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड 'ब' 50 अंकों का है, इसमें वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिए गए मानचित्र को उत्तर पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

खण्ड 'अ'

(बहुविकल्पीय प्रश्न) **20** $\times 1 = 20$

निर्देश–निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए–

1. गैरीबाल्डी कहाँ का निवासी था ?

(अ) सार्डिनिया (स) प्राग

(ब) वेनेशिया (द) नेपुल्स

2. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई थी ?

(अ) 1787 (स) 1789

(ब) 1788 (द) 1914

3. "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।" यह कथन किसका है ?

(अ) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक (स) महात्मा गांधी

(द) गोपालकृष्ण गोखले

(ब) जवाहरलाल नेहरू

4. महात्मा गाँधी की दाण्डी यात्रा कहाँ से शुरू हुई थी ?

(अ) मद्रास (स) नागपुर

(ब) दिल्ली (द) सेवाग्राम

5. आर्थिक मंदी का प्रारम्भ कब हुआ ?

(अ) 1919 (स) 1929

(ब) 1924 (द) 1934

6. भारत में मताधिकार की आयु क्या है ?

(अ) 20 वर्ष (स) 18 वर्ष

(ब) 21 वर्ष (द) 25 वर्ष

7. यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहाँ है ?

(अ) ब्रुसेल्स (स) एम्स्टर्डम

(ब) जेनेवा (द) ओस्लो

8. लिखित संविधान कब लागू हुआ ?

(अ) 14 अगस्त (स) 10 दिसम्बर

(ब) 15 अगस्त (द) 26 जनवरी

9. कौन-सा विकसित देश है ?

(अ) भारत (स) फ्रांस

(ब) ब्राजील (द) बांग्लादेश

10. वर्तमान समय में भारत में कितने केन्द्र शासित प्रदेश हैं ?

(अ) 2 (स) 8

(ब) 7 (द) 10

11. पर्वतों पर मृदा अपरदन का साधन है–

(अ) हिमनद (स) जल

(ब) पवन (द) पशुचारण

12. चिपको आन्दोलन किससे सम्बन्धित है ?

(अ) वनसंरक्षण (स) जल संरक्षण

(ब) मृदा संरक्षण (द) वायु संरक्षण

13. भारत का सबसे ऊँचा बाँध कौन-सा है ?

(अ) रिहंद बाँध (स) दामोदर घाटी परियोजना

(ब) भाखड़ा नांगल बाँध (द) इनमें से कोई नहीं

14. निम्नलिखित में से कौन-सी रबी की फसल है ?

(अ) धान (स) गेहूँ

(ब) बाजरा (द) मक्का

15. किस राज्य में सीढ़ीदार खेती की जाती है ?

(अ) हरियाणा (स) उत्तरप्रदेश

(ब) पंजाब (द) उत्तराखण्ड

16. द्वितीयक क्षेत्रक को किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

(अ) प्राथमिक क्षेत्रक (स) कृषि

(ब) खनन (द) औद्योगिक क्षेत्रक

17. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई ?

(अ) 1935 (स) 1955

(ब) 1945 (द) 1965

18. भारत में कितने प्रतिशत लोग औपचारिक स्रोतों से ऋण प्राप्त करते हैं ?

(अ) 60% (स) 85%

(ब) 65% (द) 90%

19. करेंसी से आशय है–

(अ) कागज के नोट (स) नोट और सिक्के दोनों

(ब) सिक्के (द) मात्र सोने के सिक्के

20. किस राज्य में सबसे अधिक साक्षरता दर पाई जाती है ?

(अ) बिहार (स) केरल

(ब) पश्चिम बंगाल (द) मध्य प्रदेश

खण्ड 'ब'

वर्णनात्मक प्रश्न-I

(उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)

1. गांधी द्वारा चलाए गए किन्हीं दो आन्दोलनों का वर्णन कीजिए। **4**

   अथवा

   भारत छोड़ो आन्दोलन के कोई चार कारण बताइए। **4**

2. सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है ? व्याख्या कीजिए। **4**

   अथवा

   जिला परिषद् के कार्यों का वर्णन कीजिए। **4**

3. जल संरक्षण के लिए अपनाए गए चार उपाय बताइए। **4**

   अथवा

   प्रारम्भिक कृषि से आप क्या समझते हैं ? इसकी दो विशेषताएँ बताइए। **4**

4. सार्वजनिक क्षेत्रक और निजी क्षेत्रक में अन्तर बताइए। **4**

   अथवा

   वर्तमान समय में गरीबों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं ? **4**

वर्णनात्मक प्रश्न-II

(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)

5. यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय में जर्मनी और इटली के एकीकरण का योगदान बताइए। **6**

   अथवा

   महामन्दी से क्या आशय है ? इसके दो कारण एवं दो प्रभाव बताइए। **6**

6. साम्प्रदायिकता किसे कहते हैं ? साम्प्रदायिकता के तीन कारण बताइए। **6**

अथवा

शासन के संघात्त्मक तथा एकात्मक स्वरूप में अन्तर बताइए। **6**

7. भारत में पाई जाने वाली मिट्टीयों का वर्गीकरण विस्तार से कीजिए। **6**

अथवा

वन्यजीव संरक्षण क्यों आवश्यक है ? उदाहरण सहित समझाइए। **6**

8. राष्ट्रीय आय में वृद्धि के उपायों पर प्रकाश डालिए। **6**

अथवा

भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रकों का वर्णन कीजिए। **6**

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

9. (क) निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए– $5 \times 1 = 5$

वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नमक कानून तोड़ा था।

वह स्थान जहाँ सूर्य मंदिर स्थित है।

वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

वह स्थान जहाँ आनन्द भवन स्थित है।

वह स्थान जहाँ चौरी चौरा काण्ड हुआ।

(ख) दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए– $5 \times 1 = 5$

कावेरी नदी —चिह्न द्वारा नाम सहित।

राणा प्रताप सागर बाँध चिह्न द्वारा नाम सहित।

मुम्बई बन्दरगाह ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित।

उत्तराखण्ड की राजधानी △ चिह्न द्वारा नाम सहित।

गेहूँ उत्पादक एक क्षेत्र ◯ चिह्न द्वारा नाम सहित।

आप अपना भी Recent Exam में आया हुआ पेपर Pdf upboard-Hub को भेज कर 10₹ प्रति पेपर प्राप्त कर सकते है